समुद्री प्रजातियों की गणना

वर्गीकरण वैज्ञानिकों ने एक महत्वाकांक्षी योजना हाथ में ली है जिसके तहत समुद्रों में रहने वाली जंतु प्रजातियों की गिनती की जा रही है। वर्ल्ड रजिस्टर ऑफ मैरीन स्पीशीज़ (WoRMS) नामक इस समूह की ताज़ा रिपोर्ट में कहा गया है कि समुद्र की लहरों के नीचे 2,28,445 ज्ञात जीव प्रजातियां निवास करती हैं। समूह ने कम से कम 1,90,400 ऐसी प्रजातियों के नाम सूची में से हटाए भी हैं जो एक ही प्रजाति को अलग-अलग प्रजाति मान लिए जाने के कारण दिए गए थे।

WoRMS का मुख्यालय बेल्जियम के फ्लैंडर्स मैरीन इंस्टीट्यूट में है और इस सूची को बनाने में 200 वर्गीकरण वैज्ञानिक काम कर रहे हैं। योजना के तहत मूलतः प्रकाशित साहित्य का विश्लेषण किया जा रहा है। 12 मार्च को प्रकाशित अपनी नवीनतम रिपोर्ट में समूह ने कहा है कि उसने 2014 में 1451 प्रजातियों को सूची में जोड़ा है। समूह के सह-अध्यक्ष यान मीज का कहना है कि उन्होंने उन सारे जीवों की लगभग पूरी सूची बना ली है जिन्हें कभी-न-कभी देखा गया है और उनका विवरण दिया गया है। एक अनुमान के मुताबिक समुद्रों में निवास करने वाली प्रजातियों की कुल संख्या 7-10 लाख के बीच है जबकि WoRMS ने अभी मात्र सवा दो लाख को ही सूचीबद्ध किया है। अर्थात अभी काफी सारा काम बाकी है।

WoRMS ने जो सबसे बड़ी बात पता लगाई है, वह यह है कि दुनिया भर में प्रजातियों के जो विवरण हैं उनमें विभिन्नता के चलते कई बार एक ही प्रजाति को विभिन्न अलग-अलग प्रजातियां मान लिया गया था। वर्ष 2008 में समूह ने ऐसे 56,400 पर्यायवाची खोजे थे। कई प्रजातियों के तो 50-50 नाम तक मिले हैं। मसलन, एक जीव है ब्रेडक्रम्ब स्पॉन्ज। इसे अलग-अलग वैज्ञानिकों ने 56 अलग-अलग नामों से पहचाना है। अंततः पता चला कि ये सब एक ही प्रजाति *हेलीकॉण्ड्रिया पेनेसिया* के विभिन्न नाम हैं। समूह के सदस्यों का कहना है कि वे यह तो जानते थे कि प्रजातियों का दोहराव हुआ है मगर उन्हें यह देखकर आश्चर्य हुआ कि यह दोहराव इतने बड़े पैमाने पर हो सकता है। एक से अधिक नाम वाली प्रजातियों का रिकॉर्ड तो एक घोंघे खुरदरे पेरिविंकल के नाम है। साहित्य में इसका विवरण 113 अलग-अलग नामों से हुआ है। ***(स्रोत फीचर्स)***